पढ़ ले गीता , पढ़ ले भागवत , पढ़ ले वेद पुराण

गीता जयंती भजन

पढ़ ले गीता , पढ़ ले भागवत , पढ़ ले वेद पुराण ,
ओ बन्दे पढ़ ले वेद पुराण , ओ बन्दे पढ़ ले वेद पुराण ,
ढूंढे से भी नहीं मिलेगा , तुझको इतना ज्ञान ,
ओ बन्दे पढ़ ले वेद पुराण , ओ बन्दे पढ़ ले वेद पुराण ,

भटका करेगा नहीं तो , दुनिया के माया जाल में ,
ओ माया जाल में ,
भटका था जैसे अर्जुन , रिश्तों के जंजाल में ,
ओ जंजाल में ,
कृष्ण ने उसको राह दिखाई , दे के गीता ज्ञान ,
ओ बन्दे पढ़ ले वेद पुराण , ओ बन्दे पढ़ ले वेद पुराण ,

सारथी बन के प्रभु ने , अर्जुन को दिया ज्ञान ये ,
ओ दिया ज्ञान ये ,
जीवन हैं सबका नश्वर , आत्मा हैं सबसे महान ये ,
ओ सबसे महान ये ,
सब कुछ जो मिट जायेगा पर, नहीं मिटेगा ज्ञान,
ओ बन्दे पढ़ ले वेद पुराण , ओ बन्दे पढ़ ले वेद पुराण ,

कर्म किये जा अच्छे , ना कर तू अभिमान रे ,
तू अभिमान रे ,
फल की इच्छा मत कर , इतनी से बात तू मान ले
तू मान ले ,
कर्म किये जा फल की इच्छा मत कर यही हैं ज्ञान ,
ओ बन्दे पढ़ ले वेद पुराण , ओ बन्दे पढ़ ले वेद पुराण ,

Lyrics - Jay Prakash Verma , Indore

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34162/title/pad-le-geeta---pad-le-bhagwat---pad-le-ved-puran

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |